**7401-01** **Total Pages : 4**

# Degree (Part-I) Examination, 2023

## ( Vocational – Composition )

## HINDI

### [ Paper : First ]

### [ PPU-D-I-(COMP.)-HIN-100M ]

**Time : Three Hours]** **[Maximum Marks : 100**

**निर्देश :** परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं। निर्देशानुसार **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [3×12=36]

(क) निम्नलिखित में से किसी एक साहित्यकार की साहित्यिक विशेषताओं का परिचय दीजिए :

रसखान, रहीम, रामधारी सिंह दिनकर, चिरंजीत

(ख) विद्यापति भक्त कवि हैं या शृंगारी? सोदाहरण सिद्ध कीजिए।

(ग) 'बुधिया' की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।



PPULearn.com

(घ) हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचना 'समय काटने वाले' की समीक्षा कीजिए।

(ङ) गद्य लेखिका के रूप में महादेवी वर्मा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [3×8=24]

(क) कहलाने एकत बसत अहि मयूर मृग बाघ।
जगत तपोवन सों कियो दीरघ दाघ निदाघ।।

(ख) बड़ सुख सार पाओल तुअ तीरे,
छोड़इत निकट नयन बह नीरे।

(ग) तकदीर की खूबी है ! मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें !

(घ) खंजन नैन फँदे पिंजरा छवि नाहि रहै चिर कैसहूँ माई।
छूटि गई कुलकानि सखी 'रसखानि' लखि मुसिकानि सुहाई।।

(ङ) नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।
अलि कली ही सों बँध्यो, आगे कौन हवाल।।

3. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखिए : [1×15=15]



PPULearn.com

(क) नई शिक्षा नीति

(ख) बिहार का गौरवमय अतीत

(ग) भ्रष्टाचार

(घ) प्रेमचंद के उपन्यास

(ङ) प्रदूषण की समस्या

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :

[3×5=15]

(क) निम्नांकित में से किसी एक का पल्लवन कीजिए :

का बरखा जब कृषि सुखाने, घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव का सिद्ध, होनहार बिरवान के होत चिकने पात

(ख) निम्नांकित मुहावरे एवं लोकोक्तियों में से **किन्हीं पाँच** का अर्थ लिखिए :

अधजल गगरी छलकत जाय, अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना, तोते की तरह आँखे फेरना, मुट्ठी गरम करना, घोड़ा बेचकर सोना, गर्दन उठाना, आगे नाथ न पीछे पगहा

(ग) उपसर्ग क्या है? किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।

(घ) संक्षेपण क्या है? साहित्य में इसकी क्या उपयोगिता है?



PPULearn.com

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [10×1=10]

(क) 'पूस की रात' कहानी के दो पात्रों के नाम लिखिए।

(ख) 'विनय पत्रिका' के रचयिता कौन हैं?

(ग) महादेवी वर्मा के दो रेखाचित्र के नाम लिखिए।

(घ) 'अखबारी विज्ञापन' के लेखक कौन हैं?

(ङ) 'साकेत' के रचनाकार कौन हैं?

(च) डॉ. राजनाथ शर्मा द्वारा निबन्ध पर लिखी पुस्तक का नाम लिखिए।

(छ) 'जयद्रथ वध' किनकी रचना है?

(ज) रामवृक्ष बेनीपुरी किस राज्य के निवासी थे?

(झ) 'बिहारी सतसई' में कितने दोहे हैं?

(ञ) हिन्दी के दो निर्गुण भक्त कवि के नाम लिखिए।

-----×-----



PPULearn.com